Bareilly, Saturday,
20 December 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

# दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 5 : MIDDLE

# उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल का मैच ड्रा

## कोहरा-कम रोशनी के चलते चौथे दिन भी नहीं हुआ खेल

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (19 Dec):** एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में उत्तर प्रदेश और बंगाल के बीच हो रहा कूच बिहार ट्राफी का मैच शुक्रवार को समाप्त हो गया. कोहरे के चलते चौथे दिन का मैच नहीं हो पाया. अंपायर पाराशर जोशी और आर राजेश कैनन ने बंगाल के 171 रन के जवाब में पहली पारी में 45 रनों की बढ़त हासिल करने की वजह से उत्तर प्रदेश टीम को ड्रा मैच के बाद भी तीन प्वाइंट प्रदान किए, बंगाल को एक अंक हासिल हुआ. तीन प्वाइंट के साथ कूच बिहार ट्राफी में उत्तर प्रदेश के 22 अंक हो गए और इसी के साथ टीम ने सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश हासिल किया. बरेली क्रिकेट एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश के विकेटकीपर बल्लेबाज युवराज को मैन आफ द मैच चुना. युवराज ने 107 गेंदों पर दो छक्कों और 11 चौकों की मदद से 75 रन बनाए और कैच लेकर बंगाल के पांच खिलाड़ियों को आउट करने में भी बहुमूल्य योगदान दिया.



बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्लेयर्स को किया सम्मानित.

**75** रन बनाने, 5 कैच लेने वाले यूपी टीम के विकेटकीपर युवराज बने मैन आफ द मैच

**22** अंकों के साथ यूपी ने क्वार्टर फाइनल के लिए किया क्वालीफाई, बंगाल बाहर

## दर्शकों को कोहरे ने निराश किया

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से एसआरएमएस स्टेडियम भोजीपुरा में आयोजित कूच बिहार ट्राफी में अंतिम दिन खेल देखने उमड़े दर्शकों को कोहरे ने निराश किया. दोपहर में अंपायर पाराशर जोशी और आर राजेश कैनन की सलाह के बाद मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने मैच समाप्त होने की घोषणा की. इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह हुआ, जिसमें बीसीए के संरक्षक एवं एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, बीसीए सेक्रेटरी सीताराम सक्सेना ने आनलाइन स्कोरर तपेश कौशिक, स्कोरर प्रशांत, बोर्ड स्कोरर प्रणब दास, वीडियो एनालिस्ट अभिषेक यादव और जयकीरत सिंह जस्सी, बीसीसीआइ क्यूरेटर रविंद्र चौहान, यूपीसीए के पिच क्यूरेटर शिव कुमार को स्मृति चिह्न देक सम्मानित किया. आदित्य मूर्ति ने दोनें टीमों के खिलाड़ियों के साथ मैच र जुड़े सभी व्यक्तियों का आभार जताया इस मौके पर ट्रस्ट सलाहकार इंजीनिय सुभाष मेहरा, बीसीए के सीनियर ज्वाइं सेक्रेटरी ओपी कोहली, बीसीए उपाध्य राजेंद्र मनोहर शर्मा, राहुल कपूर, चंच उपाध्याय, राकेश शर्मा, एसआरएमए इंजीनियरिंग कालेज के प्रिंसिपल डा प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, मनी सिंह, नितिन सक्सेना, अनुज शर्मा, यूसुप अंसारी आदि मौजूद रहे.